an>

Need to provide adequate funds for construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in tribal areas of the country.

**श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर)** ः प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना यह दूरदराज के ग्रामीण अंचल को जोड़ने वाली योजना है। केंद्र सरकार द्वारा पीएमजीएसवाई योजना 25 दिसंबर, 2000 में अमल में लाई गई, उस समय पीएमजीएसवाई योजना के अंतर्गत बनी सड़कें आज 15-16 साल होने के बावजूद मजबूत स्थिति में हैं। लेकिन उसके बाद धीरे-धीरे तत्कालीन सरकार ने इस योजना की अनदेखी की और उसके लिए धनराशि में समय-समय पर कटौती की। पर्याप्त धनराशि के अभाव से ग्रामीण अंचल में संपर्क हेतु सड़कों का ज़ाल बिछाने का व्यापक उद्देश्य अधूरा रह गया। अपर्याप्त धनराशि के कारण ठेकेदारें ने पीएमजीएसवाई कार्य हेतु ठेके लिए सुरक्षा अमानत सरकार के पास रखी थी, वह भी उपयोग में लाई गई। अब सरकार के पास सुरक्षा अमानत देने के लिए भी केंद्र सरकार पर निर्भर रहना पड़ रहा है। परिणामस्वरूप ठेकेदार शेष कार्य लेने के लिए उदासीनता दिखा रहे हैं। परिणामतः पीएमजीएसवाई योजना का कार्य ठप्प है। पहला निर्धारित लक्ष्य पूरा न होने के कारण शेष प्रस्ताव बनने में भी देरी हो रही है और ग्रामीण क्षेत्र तथा आदिवासी बहुल क्षेत्र में पीएमजीएसवाई का कार्य बंद पड़ा है। इस हेतु महाराष्ट्र शासन ने केंद्र सरकार से समय-समय पर स्मरण पत्राचार द्वारा अनुरोध किया है। मैं जानना चाहता हें कि सरकार द्वारा आदिवासी बहुल क्षेत्र की जनता के विकास हेतु पीएमजीएसवाई योजना के सुचारू रूप से कार्यान्वयन के लिए निश्चित समय-सीमा निर्धारित करके पर्याप्त धनराशि के आवंटन हेतु कोई कार्यवाही कर रही है।